fnukd&02-10-2023 le;&2-10ih,e

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी भोपाल

nkigj lekpkj

i/kkueU=h&Xokfy;j

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद ग्वालियर में देश के पहले अत्याधुनिक अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल परिसर का उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान वे यहां कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्रसिंह तौमर ,मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के साथ ही कई केन्द्रीय और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। ग्वालियर से हमारे संवाददाता ने बताया कि यह दिव्यांग खेल परिसर 34 एकड़ क्षेत्र में 151 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह महत्वपूर्ण पहल सभी के लिये खेल समावेशिता और पहुंच को बढ़ावा देने की देश की प्रतिबद्‌धता को रेखांकित करती है। दिव्यांग खेलों के लिये अटल बिहारी वाजपेयी प्रशिक्षण केन्द्र दिव्यांग व्यक्तियों के लिये खेल के समान अवसर प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

----

egkRek xk/kh ;!h

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर देशवासियो को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु ने कहा है कि महात्मा गांधी ने सभी को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और एक ऐसे बडे आंदोलन का नेतत्व किया जिसने इतिहास की दिशा बदल दी और हमें आजादी दिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर आज जबलपुर के टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अनेक संगठनों, राजनैतिक दलों और वरिष्ठजनों ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर नर्मदापुरम सहित जिले में आज सुबह भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान संगोष्ठियों सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गांधी जयंती के अवसर पर 02 से 08 अक्टूबर तक आगरमालवा जिले मे भी मद्य निषेध सप्ताह मनाया जा रहा है।

प्रदेश के अन्य जिलों में भी आज गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

----

e#;eU=h #ky

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में खेलों के प्रोत्साहन के लिये इसके बजट को एक हजार करोड़ तक बढ़ायेंगे। श्री चौहान ने कहा कि विक्रम पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को शासकीय सेवा में रखा जायेगा। प्रदेश में ब्रेक डांस, मलखम और ई–गैम्स की अकादमी स्थापित होगी। खेलों के लिये संसाधनों को बढ़ाने के

उद्वेश्य से प्रदेश में स्पोर्ट्स डवेलप्मेंट कॉर्पोरेशन गठित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्ष खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया होंगी। प्रदेश के नए स्टेडियम और पहले से बने स्टेडियमों के संधारण के लिए नई नीति बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के शुभारंभ की घोषणा की। केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की सोच के अनुरूप युवाओं में खेलों में भागीदारी बढ़ रही है। प्रदेश के सभी जिलों में खेल अधोसंरचना के उन्नयन पर ध्यान दिया जा रहा है। राज्य स्तरीय खेलो एमपी–2023 की प्रतियोगिताएँ 5 अक्टूबर तक भोपाल, रीवा, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, कटनी और शिवपुरी में होंगी।

$k hfodk ek%

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कल भोपाल हाट में राज्य स्तरीय आजीविका मार्ट और सरस मेला 2023 का शुभारंभ किया। आजीविका मार्ट भोपाल हाट परिसर में 49 लाख रुपये से अधिक की लागत निर्मित किया गया है। सभी जिलों के स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय किया जायेगा। बिचौलियों के बिना स्व सहायता समूह की सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक पहुंच बनेगी। विभिन्न जिलों के उत्पादों के वितरण के लिये प्रदेश में 43 ग्रामीण मार्ट संचालित है। आजीविका मार्ट इन सभी मार्ट का समन्वयन केन्द्र बनकर उभरेगा।

$' d'(lekpkj l)ki e: *&

- शिवपुरी जिले में कल भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मान किया गया।
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विंध्य द्वार सतना में वर्ल्ड क्रॉस रेलवे स्टेशन का निर्माण वेंकटेश मंदिर की प्रतिकृति पर किया जाएगा । कल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 272 करोड़ की एकीकृत पुर्न विकास प्रोजेक्ट के तहत वर्चुअल भूमि पूजन किया।
- निवाड़ी में कल एक अक्टूबर को निवाड़ी गौरव दिवस के रूप में मनाया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर धार जिला मुख्यालय पर स्थित श्रद्धालय वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
- छिंदवाड़ा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के सभी अंतरराज्यीय और अंतरजिला सीमा में जांच के लिए नाके स्थापित किए गए हैं।
- स्वच्छता पखवाड़े के तहत नर्मदापुरम स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।